# प्रेस नोट दिनांक–02.12.2023
# जनपद मुजफ्फरनगर

## ➢ थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार–

दिनांक 02.12.2023 को थाना बुढ़ाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री रविन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0 2435/9/2023 धारा 138 एन0आई0 एक्ट में वारंटी अभियुक्त निलेश मलिक पुत्र मोहरसिंह निवासी मौ0 पूर्वी पछाला कस्बा व थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

## ➢ थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ सहित 01 तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार–

दिनांक 02.12.2023 को थाना बुढ़ाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री सुरेन्द्र राव मय हमराहीगण द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्त शानू पुत्र वकील निवासी मौ0 पीरशाह विलायत कस्बा व थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर को बडकता रोड पर विपिन के टयूबैल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 30 ग्राम अफीम बरामद की गई जिसके संबंध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 544/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 चरण सिंह द्वारा की जा रही है।

## ➢ थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ सहित 01 तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार–

दिनांक 01.12.2023 को थाना बुढ़ाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री रविन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्त मुरसलीन पुत्र अख्तर निवासी ग्राम लोई थाना फुगाना, को मुजफ्फरनगर कांधला मार्ग पर पीर के पास कांधला की ओर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 30 ग्राम अफीम बरामद की गई जिसके संबंध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 543/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 विकाश चौधरी द्वारा की जा रही है।

- **<u>थाना चरथावल पुलिस द्वारा 04 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 02.12.2023 को प्रभारी निरीक्षक थाना चरथावल श्री ओमप्रकाश सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0– 394/23 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्तगण 1– हकीकत पुत्र अलताफ 2– इरशाद पुत्र जानू उर्फ जान मोहम्मद 3– इसराईल पुत्र नूरू 4– आमिर उर्फ भूरा पुत्र नजरू निवासीगण ग्राम कुल्हैड़ी थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को ग्राम नंगलाराई से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 01.12.2023 को थाना मंसूरपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री इन्द्रजीत सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0– 1125/9/17 धारा 382/4411 भादवि में वारंटी अभियुक्त नकुल पुत्र नैपाल सिंह निवासी ग्राम जड़ौदा थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना भोपा पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 02.12.2023 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0 श्री रोहित कुमार मय हमराहीगण द्वारा 01 अभियुक्त नीरज पुत्र चरण सिंह निवासी मोरना थाना भोपा मुजफ्फरनगर को भुवापुर पुलिया से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया जिसके संबंध में थाना भोपा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 320/23 धारा 3/25 आयुध अधि0 पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री विनोद कुमार द्वारा की जा रही है।

- **<u>थाना भोपा पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 02.12.2023 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0 श्री राकेश यादव मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0– 695/13 धारा 323/354/504/506 भादवि में वारंटी अभियुक्त इन्तजार पुत्र मोहम्मद निवासी ग्राम निवादा थाना भोपा, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

➤ **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 02.12.2023 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री अमरेश कुमारसिंह मय हमराहीगण द्वारा 01 अभियुक्त सलमान पुत्र इस्लाम निवासी मदीना कालोनी थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर को बामनहेडी रेलवे स्टेशन पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद किया गया जिसके संबंध में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 399/23 धारा 4/25 आयुध अधि0 पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री सत्येन्द्र सिंह द्वारा की जा रही है।

➤ **थाना सिखेड़ा पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए 01 हत्याभियुक्त को आलाकत्ल दाव सहित गिरफ्तार–**

दिनांक 02.12.2023 को प्रभारी निरीक्षक थाना सिखेड़ा श्री सचिन कुमार शर्मा मय हमराहीगण द्वारा थाना सिखेड़ा पर पंजीकृत मु0अ0सं0– 159/23 धारा 302 भादवि का सफल अनावरण करते हुए 01 हत्याभियुक्त धर्मेन्द्र पुत्र राजाराम उर्फ रालू निवासी ग्राम बहादुरपुर थाना सिखेड़ा को ग्राम बहादुरपुर जाने वाले रास्ते पर कोल्हू के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से आलाकत्ल 01 लोहे का दाव बरामद किया गया।